# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज चित्रकूट जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर उन्होंने जिले में निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से पूरी होनी चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने रामपथ गमन, टाईगर रिजर्व, स्काई ब्रिज और टेबल टॉप एयर पोर्ट के कार्यो की विशेष रूप से जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार चित्रकूट के भौतिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री मंदाकिनी नदी के रामघाट पर पहुंचे और मॉ मंदाकिनी की आरती में शामिल हुए। इसके पहले मुख्यमंत्री ने बादां जिले में मेडिकल कॉलेज गेट पर विरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया।

**********

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। आज सुबह जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके और अन्य विपक्षी दलों ने एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों सहित कई मुद्दों पर हंगामा किया। लोकसभा की कार्यवाही पहले स्थगन के बाद दोपहर बारह बजे शुरू हुई, तब विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। उधर राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया।

**********

अयोध्या में पांच दिसंबर से प्रस्तावित रामायण मेले के दूसरे पोस्टर का अनावरण आज लखनऊ में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने कहा कि रामायण मेले में प्रदेश के कलाकारों को वरीयता दी जाएगी। रामायण मेला पोस्टर अनावरण के अवसर पर मेला समीति के संरक्षक जगदगुरू राम दिनेषाचार्य और संयोजक आशीष कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

**********

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत आज मिर्जापुर जिले के महुअरिया स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में दो सौ बहत्तर जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

**********

उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति दो हजार बाइस में केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अन्तर्गत किसानों को तीन हॉर्स पावर से लेकर दस हॉर्स पावर क्षमता तक के सोलर पम्प पर अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। इसमें अनुसूचित जनजाति, वनटांगिया और मुसहर जाति के किसानों को सौ प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। किसान पन्द्रह दिसंबर तक यूपीनेडा की वेबसाइट पर आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

**********

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण–गीडा का पैंतीसवां स्थापना दिवस समारोह तीस नवंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। स्थापना दिवस समारोह पर मुख्यमंत्री करीब दो सौ करोड़ रूपये के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ निवेशकों को औद्योगिक भूमि के आवंटन का प्रमाण प़त्र सौपेंगें।

**********

गोरखपुर के चम्पा देवी पार्क मैदान में तीस नवम्बर से लेकर चौदह दिसम्बर तक उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की तरफ से मंडल स्तरीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। बोर्ड के परिक्षेत्रीय अधिकारी एके पाल ने बताया कि प्रदर्शनी में एक सौ दस स्टॉल लगेंगे। इन पर देश के कई राज्यों के खादी ग्रामोद्योग और ओडीओपी उत्पादों का प्रदर्शन होगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद रवि किशन शुक्ल करेंगे।

**********

लखनऊ में चल रही सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के महिला एकल में स्टार खिलाड़ी तथा शीर्ष वरीयता प्राप्त पी वी सिंधू ने हमवतन इरा शर्मा को हराकर महिला सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। सिंधु ने इरा को एक कडे मुकाबले में 21–10, 12–21, 21–15 से पराजित किया। जबकि गैर वरीयता प्राप्त भारत की उन्नति हुड्डा ने थाईलैण्ड की पोर्नपिचा चोइइकेवांग को 21–18, 22–20 से हराकर उलटफेर के साथ अगले दौर में जगह बनाई। अन्य मुकाबलों में अमेरिका की इशिका जायसवाल ने म्यांमार की थेट हटर थजार को, चीन की डी वांग ने भारत की देविका सिहाग को तथा भारत की श्रीयांशी ने हमवतन मालविका को हराया। वहीं पुरूष एकल में भारत के लक्ष्य सेन ने इजराइल के खिलाड़ी डेनिल डूबोवेनको को हराया। एक अन्य एकल मुकाबले में भारत के आयुष शेट्टी ने मलेशिया के जस्टिन को मात देकर अगले दौर में प्रवेश किया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले दो दिनों तक देर रात और सुबह के समय राज्य के कई हिस्सों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। अनुमान है कि इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। विभिन्न जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट के कारण ठंड महसूस की जा रही है।

**********